भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3341

दिनांक 12.03.2026 को उत्तर के लिए नियत

एमएसई हरित निवेश और परिवर्तन के लिए वित्तपोषण

3341. **श्री बी. के. पार्थसारथीः**
श्री केसिनेनी शिवनाथः

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) एमएसई हरित निवेश और परिवर्तन के लिए वित्तपोषण योजना के अंतर्गत कितनी निधि आवंटित और उपयोग की गई है;

(ख) उक्त योजना से लाभान्वित होने वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की राज्य-वार और वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ग) कितनी निधि संवितरित की गई है और संवितरण की समय-सीमा क्या है;

(घ) उक्त योचना से लाभान्वित होने वाली कंपनियों की राज्य-वार और घटक-वार सूची क्या है; और

(ङ) उक्त योजना के "जागरूकता सृजन" घटक के अंतर्गत क्या पहलें की गई हैं और इन पहलों का क्या प्रभाव पड़ा है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क): इस मंत्रालय की एमएसई-गिफ्ट स्कीम के अंतर्गत आवंटित एवं उपयोग की गई कुल निधि निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रु. में)

घटक	आवंटित	उपयोग की गई
ब्याज छूट	350	13.22
सूचना शिक्षा एवं संचार (आईईसी)	3	1.25
कुल	353	14.47

(ख) से (ङ): 5800 इकाइयों के लक्ष्य के प्रति एमएसई- हरित निवेश और परिवर्तन हेतु वित्तपोषण स्कीम से कुल 5096 सूक्ष्म और लघु उद्यम (एमएसई) इकाइयों को लाभ हुआ। राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में संलग्न है। तथापि, आज की तारीख तक संवितरित निधि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

किस्त सं.	संवितरण की तारीख	संवितरण की राशि (करोड़ रु. में)
1	28-03-2025	2.22
2	23-05-2025	0.27
3	31-07-2025	4.48
4	30-09-2025	6.19
5	16-10-2025	0.06
कुल		13.22

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) द्वारा कार्यान्वियन एजेंसी अर्थात सिडबी के माध्यम से स्कीमों की जागरूकता में वृद्धि के लिए कई पहलें की गई है। इन पहलों में, अन्य के अलावा, 60 विषयगत जागरूकता अभियान और मांग सृजन कार्यशालाएं, वेबिनार, पीएलआई और अन्य हितधारकों के साथ बैठकें शामिल हैं।

. *****

अनुलग्नक - I

क्र.सं.	राज्य	लाभान्वित एमएसई की संख्या			
		वित्त वर्ष 23-24	वित्त वर्ष 24-25	वित्त वर्ष 25-26	कुल
1	आंध्र प्रदेश	20	46	62	128
2	असम	0	0	1	1
3	बिहार	1	9	10	20
4	चंडीगढ़	2	3	5	10
5	छत्तीसगढ़	0	0	16	16
6	दादर एवं नगर हवेली	0	0	1	1
7	दमन और दीव	1	0	0	1
8	दिल्ली/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	26	68	107	201
9	गोवा	9	8	3	20
10	गुजरात	26	8	43	77
11	हरियाणा	44	197	288	529
12	हिमाचल प्रदेश	6	18	21	45
13	जम्मू एवं कश्मीर	2	3	2	7
14	झारखंड	3	17	19	39
15	कर्नाटक	41	109	148	298
16	केरल	30	73	63	166
17	मध्य प्रदेश	2	39	32	73
18	महाराष्ट्र	81	225	272	578
19	नागालैंड	0	1	0	1
20	ओडिशा	3	16	23	42
21	पुदुचेरी	3	2	3	8
22	पंजाब	55	269	286	610
23	राजस्थान	90	286	232	608
24	सिक्किम	1	0	0	1
25	तमिलनाडु	112	499	456	1067
26	तेलंगाना	11	42	31	84
27	त्रिपुरा	0	1	0	1
28	उत्तर प्रदेश	39	113	200	352
29	उत्तराखंड	4	11	37	52
30	पश्चिम बंगाल	3	23	34	60
	सकल योग	615	2086	2395	**5096**